भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

**अतारांकित प्रश्न सं. 2312**

**06 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए नियत**

**भारतीय पूंजी सामग्री क्षेत्रक में प्रतिस्पर्धात्मकता की वृद्धि योजना के प्रथम व द्वितीय चरण**

**2312. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**श्री प्रवीण पटेल:**
**श्री हरीभाई पटेल:**
**श्री नरेश गणपत म्हस्के:**
**श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय पूंजी सामग्री क्षेत्रक में प्रतिस्पर्धात्मकता की वृद्धि योजना के प्रथम व द्वितीय चरण के परिणामों और उपलब्धियों सहित वित्तपोषित परियोजनाओं, विकसित प्रौद्योगिकियों तथा विश्व बाजार में भारतीय उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता पर इसके प्रभाव का ब्यौरा क्या है;

(ख) योजना के द्वितीय चरण के दौरान वित्तपोषण प्राप्त करने वाली विशिष्ट परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और भारतीय पूंजी सामग्री क्षेत्रक में प्रतिस्पर्धात्मकता की वृद्धि हेतु वित्तराशि कितनी है; और

(ग) अकादमिक और औद्योगिक क्षेत्रों के बीच की उन साझेदारियों का ब्यौरा क्या है जिन्हें पूंजी सामग्री क्षेत्रक योजना का लाभ मिला है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(a) "भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि" स्कीम, चरण-I के तहत 583.312 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता के साथ 33 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। स्कीम के पहले चरण में मशीन टूल्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल मशीनरी,

वेल्डिंग रोबोट और अलॉय डिजाइन, अर्थ मूविंग मशीनरी और सेंसर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में 30 उत्कृष्ट स्वदेशी तकनीकों को सफलतापूर्वक विकसित किया गया है।

25 जनवरी, 2022 को, भारी उद्योग मंत्रालय ने भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि स्कीम,चरण-।। को अधिसूचित किया जिसमें चरण-I को आमेलित कर दिया गया। यह स्कीम सामान्य प्रौद्योगिकी विकास, कौशल और परीक्षण सेवा अवसंरचना के लिए सहायता प्रदान करती है। इस स्कीम के तहत अब तक कुल 33 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं जिनकी परियोजना लागत 1366.94 करोड़ रुपये (उद्योग के उच्च अंशदान के कारण) है और राजकीय अंशदान 963.19 करोड़ रुपये है।

(ख) और (ग): भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि स्कीम का उद्देश्य महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकीय कमियों को दूर करने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत को साथ लाना है ताकि वे मिलकर काम कर सकें। यह एक मांग-आधारित स्कीम है जिसमें उद्योग जगत प्रतिष्ठित शैक्षिक/अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर सरकारी वित्तपोषण प्राप्त करने के लिए परियोजनाओं का प्रस्ताव करता है। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास के लिए एक वातावरण तैयार करना है ताकि उद्योग और अकादमिक विश्वविद्यालयों के बीच दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके। स्कीम के चरण-II के अंतर्गत शैक्षिक/अनुसंधान संस्थानों सहित संस्वीकृत परियोजनाओं और संस्वीकृत निधियों की मात्रा का ब्यौरा संलग्नक में है।

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं 2312 के उत्तर के लिए संलग्नक**

योजना के चरण-II के अंतर्गत शैक्षिक/अनुसंधान संस्थानों सहित संस्वीकृत स्कीमों का ब्यौरा और संस्वीकृत निधियों की मात्रा निम्नानुसार हैः-

(करोड़ रुपए में)

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्कीम का घटक | कुल परियोजना लागत | भारी उद्योग मंत्रालय का योगदान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में मौजूदा उत्कृष्टता केंद्र का विस्तार | उत्कृष्टता केंद्र | 44.60 | 35.68 |
| 2 | एएमटीडीसी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास द्वारा मौजूदा उत्कृष्टता केंद्र का संवर्धन | उत्कृष्टता केंद्र | 25.6708 | 20.537 |
| 3 | सी'टार्क कोयंबटूर द्वारा सबमर्सिबल स्लरी पंपों की डिजाइन और विकास के लिए मौजूदा उत्कृष्टता केंद्र का विस्तार | उत्कृष्टता केंद्र | 12.847 | 10.2776 |
| 4 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में मौजूदा उत्कृष्टता केंद्र का संवर्धन | उत्कृष्टता केंद्र | 4.1746 | 3.3397 |
| 5 | एआरएआई, पुणे में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना | उत्कृष्टता केंद्र | 14.55 | 11.64 |
| 6 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू, वाराणसी द्वारा उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना | उत्कृष्टता केंद्र | 45 | 36 |
| 7 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर द्वारा मौजूदा उत्कृष्टता केंद्र का संवर्धन | उत्कृष्टता केंद्र | 24.82 | 19.852 |
| 8 | आईकैट, मानेसर द्वारा उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना | उत्कृष्टता केंद्र | 8.61 | 6.888 |
| 9 | बीएचईएल, वाराणसी द्वारा उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना | उत्कृष्टता केंद्र | 285.655 | 174.7 |
| 10 | उन्नत वेल्डिंग प्रौद्योगिकियों में कौशलन के लिए बीएचईएल द्वारा साझा इंजीनियरिंग | साझा इंजीनियरिंग | 87.06 | 69.648 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सुविधा केंद्र की स्थापना | सुविधा केंद्र | | |
| 11 | एआरएआई, पुणे में साझा इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र की स्थापना | साझा इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र | 42 | 33.60 |
| 12 | C4i4, पुणे द्वारा साझा इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र का विस्तार | साझा इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र | 35 | 28 |
| 13 | स्मार्ट फैक्ट्री, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में साझा इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र का विस्तार | साझा इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र | 37.97 | 30.376 |
| 14 | तमिलनाडु के टिडको में साझा इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र की स्थापना | साझा इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र | 155.04 | 46 |
| 15 | ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद (एएसडीसी) द्वारा मोटर वाहन क्षेत्र के लिए 23 अर्हता पैक का विकास | कौशलन | 2.838 | 2.838 |
| 16 | कैपिटल गुड्स स्किल काउंसिल (सीजीएससी) द्वारा पूंजीगत वस्तु क्षेत्र के लिए 23 अर्हता पैक का विकास | कौशलन | 2.99 | 2.99 |
| 17 | इंस्ट्रूमेंटेशन, ऑटोमेशन, सर्विलांस एंड कम्युनिकेशन (आईएएससी) द्वारा लेवल 6 और उससे ऊपर के 12 अर्हता पैक का सृजन | कौशलन | 1.77 | 1.77 |
| 18 | बीएचईएल में मौजूदा तीन परीक्षण और प्रमाणन सुविधाओं का विस्तार | परीक्षण और प्रमाणन केंद्र | 39.95 | 31.96 |
| 19 | लुधियाना स्थित अनुसंधान एवं विकास केंद्र में साइकिल के लिए मौजूदा परीक्षण और प्रमाणन सुविधा का विस्तार | परीक्षण और प्रमाणन केंद्र | 10.08 | 8.06 |
| 20 | इंस्टीट्यूट फॉर ऑटोपार्ट्स एंड हैंड टूल्स टेक्नोलॉजी (आईएएचटी), लुधियाना में मौजूदा परीक्षण और प्रमाणन सुविधा का विस्तार | परीक्षण और प्रमाणन केंद्र | 10.15 | 8.12 |
| 21 | मशीन टूल्स प्रौद्योगिकी संस्थान | परीक्षण और | 4.58 | 3.664 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (आईएमटीटी), बटाला में मौजूदा परीक्षण और प्रमाणन सुविधा का विस्तार | प्रमाणन केंद्र | | |
| 22 | सीएमटीआई, बेंगलुरु में मौजूदा परीक्षण और प्रमाणन केंद्र का विस्तार | परीक्षण और प्रमाणन केंद्र | 45.68 | 36.544 |
| 23 | एआरएआई, पुणे में मौजूदा परीक्षण और प्रमाणन केंद्र का विस्तार | परीक्षण और प्रमाणन केंद्र | 70.25 | 54.45 |
| 24 | एफसीआरआई, पालक्काड़ में मौजूदा और प्रमाणन सुविधा का विस्तार | परीक्षण और प्रमाणन केंद्र | 15.3 | 12.24 |
| 25 | सीएमटीआई, बंगलुरु द्वारा उद्योग एक्सीलेरेटर की स्थापना | उद्योग एक्सीलेरेटर | 28.6334 | 23.1207 |
| 26 | एएमटीडीसी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास द्वारा स्वदेशी औद्योगिक रोबोट के विकास के लिए उद्योग एक्सीलेरेटर | उद्योग एक्सीलेरेटर | 15.9 | 12.72 |
| 27 | पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर द्वारा उद्योग एक्सीलेरेटर | उद्योग एक्सीलेरेटर | 27.74 | 22.46 |
| 28 | एआरएआई, पुणे द्वारा उद्योग एक्सीलेरेटर की स्थापना | उद्योग एक्सीलेरेटर | 35.724 | 28.91 |
| 29 | आईएसबी, मोहाली द्वारा उद्योग एक्सीलेरेटर की स्थापना | उद्योग एक्सीलेरेटर | 21.0315 | 17.0255 |
| 30 | एआरटीपीएआरके, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु द्वारा सीएएमआरएएस उद्योग एक्सीलेरेटर | उद्योग एक्सीलेरेटर | 92.88 | 74.78 |
| 31 | भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु द्वारा समृद्धि उद्योग एक्सीलेरेटर | उद्योग एक्सीलेरेटर | 61.6160 | 48.9991 |
| 32 | शास्त्र विश्वविद्यालय, तंजावुर द्वारा उद्योग एक्सीलेरेटर | उद्योग एक्सीलेरेटर | 41.8032 | 33.0667 |
| 33 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की में उद्योग एक्सीलेरेटर की स्थापना | उद्योग एक्सीलेरेटर | 16.0545 | 12.9945 |